

# बिना टॉस के चौथा टी-20 रद्द

## लखनऊ में नहीं फेंकी गई एक भी गेंद, धुंध ने बिगाड़ा खेल

**लखनऊ 17 दिसंबर.** भारत और दक्षिण अफ्रीका का चौथा टी20 मैच रद्द कर दिया गया है. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में धुंध के कारण टॉस भी नहीं हो सका. भारत पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है. यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होना था, लेकिन अंपायरों ने ढाई घंटे तक इंतजार किया, लेकिन स्थिति बेहतर ना होने के चलते मुकाबला रद्द कर दिया गया.

चौथा टी20 मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाना था. पांच-पांच ओवरों के मैच के लिए 9 बजकर 46 मिनट को कट-ऑफ टाइम बताया गया था, लेकिन उससे 16 मिनट पहले ही अंपायरों ने अंतिम फैसला ले लिया. सर्दी के सीजन में इन दिनों उत्तर भारत के राज्यों में खासतौर पर सुबह और रात के समय धुंध रहती है, भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका चौथा टी20 भी मौसम की भेंट चढ़ गया. बताते चलें कि दिन के समय लखनऊ का मौसम अच्छा था, लेकिन मैच का समय पास आने तक आसमान पर धुंध की चादर चढ़ी हुई नजर आई. लखनऊ में धुंध का स्तर अधिक होने के कारण स्कूल खुलने का समय भी बड़ा दिया गया है. पहली से बरहवीं कक्षा के लिए स्कूल 9 बजे से शुरू होगा.

### साढ़े 3 घंटे के इंतजार के बाद भी फैंस के हाथ लगी मायूसी



### सीरीज नहीं हारेगा भारत

भारत अब इस टी20 सीरीज को हार नहीं सकता है. चूंकि सीरीज में केवल एक मैच बचा है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा सीरीज 2-2 से ड्रॉ रह सकती है. फिलहाल टीम इंडिया श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है. पांचवां टी20 मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. सीरीज का पहला टी20 मैच भारत ने 101 रनों के विशाल अंतर से जीता था. वहीं दूसरे मैच में भारतीय बल्लेबाजी फ्लॉप हो गई थी, जिसमें टीम इंडिया 214 रनों का लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही थी. तीसरे टी20 मैच में भारत ने जबरदस्त वापसी की और अफ्रीकी टीम को 117 रनों पर ढेर कर दिया था. भारत ने उस मैच को 7 विकेट से जीतकर सीरीज में 2-1 की ब ?त बना ली थी. लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में टीम इंडिया ने कुल 3 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, सभी में जीत दर्ज की है. इसके आलावा यहां अफगानिस्तान ने भी 3 मैचों की मेजबानी कि है. यानी यहां कुल 6 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं, जिनमें से सिर्फ 1 बार लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम जीती है.

# एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत स्थिति

## एलेक्स कैरी ने 106 रन की पारी खेली, उस्मान ख्वाजा का 82 रन का योगदान

**एडिलेड, 17 दिसंबर .** एलेक्स कैरी (106) की शतकीय पारी और उस्मान ख्वाजा (82) की अर्द्धशतकीय योगदान की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट के पहले दिन बुधवार को अपने अभियान की मजबूत शुरुआत की। स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 326 रन बना लिये, जिससे टीम ने मैच में दबदबा बनाए रखा।

**तीसरे टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट पर 326 रन बनाकर बढ़त बनाई**

**इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए, विल जैक्स और कार्स ने दो-दो विकेट लिए**

आज मैच के टॉस में जीत हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुरुआत में टीम को झटके भी लगे। टीम ने 33 रन के स्कोर पर अपने शुरुआती दो विकेट गंवा दिए। जेक वेदरॉल्ड 18 रन और ट्रेविस डे 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की। हालांकि 25वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने मार्नस लाबुशेन (19) और कैमरन ग्रीन (0) को पवेलियन भेजकर साझेदारी का अंत कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए एलेक्स कैरी ने ख्वाजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 91 रनों की भागीदारी की। उस्मान ख्वाजा ने अपनी पारी में 126 गेंदों का सामना किया और 10 चौकों की मदद से 82 रन बनाए। 48वें ओवर में विल जैक्स ने ख्वाजा को आउट करके पारी में निखार को रोका। छठा विकेट जॉश इंग्लिस (32) के रूप में गिरा, जिन्हें जॉश टंग ने बोल्ड किया। कप्तान पैट कमिंस 13 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान एलेक्स कैरी ने 73वें ओवर की पांचवीं गेंद पर तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। कैरी ने इस पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। दिन का आखिरी विकेट भी एलेक्स कैरी के रूप में गिरा, जिन्हें विल जैक्स ने पवेलियन भेजा। कैरी ने 148 गेंदों में 106 रन की शानदार पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 326 रन बना लिए थे। मिचेल स्टार्क नाबाद 33 रन के साथ क्रीज पर मौजूद थे.



### स्टीव स्मिथ हुए बाहर

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को कान की समस्या के कारण बुधवार को शुरु हुए तीसरे एशेज टेस्ट से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह उस्मान ख्वाजा को टीम में जगह दी गई है। आज यहां तीसरे टेस्ट मैच का टॉस शुरु होने से 20 मिनट पहले ऑस्ट्रेलिया ने टीम में एक बदलाव करते हुए उस्मान ख्वाजा को वापस बुलाया गया है। ख्वाजा को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए सूचीबद्ध किया गया।

### खिलाड़ियों ने बॉन्डी बीच हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

एशेज 2025-26 सीरीज के तीसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने सिडनी के बॉन्डी बीच में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। एडिलेड ओवल में दोनों टीमों के खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे और खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा। इस दौरान मैच अधिकारी और स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने भी मौन रखकर शोक व्यक्त किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने संयुक्त बयान जारी कर घटना की कड़ी निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

## एक नजर में



### पाकिस्तान के खिलाड़ी पूरा बीबीएल खेलेंगे : सीए

**सिडनी .** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बिग बैश लीग (बीबीएल) का पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे। ग्रीनबर्ग ने कहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को आश्वासन दिया गया है कि जनवरी में श्रीलंका के तय अंतरराष्ट्रीय टी-20ह्व दौरे के बावजूद बीबीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे। सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाकिस्तान में एक टीम भेजी है। टॉड ग्रीनबर्ग ने यह यह भी बताया कि मैके और डार्विन ऑस्ट्रेलिया की सर्दियों में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे और तारीखों की घोषणा जनवरी में की जाएगी। चिंता थी कि बीबीएल में खेलने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के ग्रुप, जिसमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, शादाब खान, हारिस रऊफ और हसन अली शामिल हैं, उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका में एक छोटी टी-20 सीरीज खेलने के लिए वापस बुलाया जा सकता है पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड( पीसीबी) ने हाल ही में इसकी घोषणा की थी।

### राम सेतु से टी-20 विश्व कप ट्रॉफी टूर लॉन्च

**नई दिल्ली .** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ट्रॉफी टूर की शुरुआत ऐतिहासिक राम सेतु से की गई। इस मौके पर दो-सीटर पैरामोटर के जरिए ट्रॉफी को राम सेतु के ऊपर आसमान में घुमाया गया, जिससे यह लॉन्च खास और यादगार बन गया। भारत में एडम्स ब्रिज के नाम से पहचाने जाने वाला राम सेतु धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण है। यही सेतु टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सह-मेजबान भारत और श्रीलंका को भी जोड़ता है। इसी प्रतीकात्मकता को ध्यान में रखते हुए आईसीसी ने इस स्थल को ट्रॉफी टूर की शुरुआत के लिए चुना। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि राम सेतु जैसे ऐतिहासिक स्थल से ट्रॉफी टूर की शुरुआत करना टूर्नामेंट के लिए प्रेरणादायक संदेश है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल ट्रॉफी की नहीं, बल्कि दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों और संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम है।





### टी-20 विश्व कप में खेलेगा इटली

**रोम .** इटली क्रिकेट फेडरेशन ने कहा कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम वेन मैडसेन की अगुवाई में खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) गवर्निंग बॉडी ने मंगलवार देर रात एक बयान जारी कर नवंबर के आखिर में टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मैडसेन की स्थिति की फिर से पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ अपनी टीम की द्विपक्षीय सीरीज और अगले साल सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले वैश्विक स्पर्धा दोनों में टीम का नेतृत्व करेंगे। इटली की गवर्निंग बॉडी ने अपने बयान में कहा, 'मैडसेन इस पद पर महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू अनुभव लाते हैं, उन्होंने पहले भी टी-20 में इटली का प्रतिनिधित्व किया है। फेडरेशन इसकी भी पुष्टि कर सकता है कि जो बर्न्स को आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए इटली की टीम में नहीं चुना जाएगा।' इटली अपना टी-20 विश्व कप अभियान नौ फरवरी को कोलकाता में बंगलादेश के खिलाफ शुरू करेगा। ग्रुप सी में उसके साथ इंग्लैंड, वेस्ट इंडीज और नेपाल है।

# अफगानिस्तान ने नेपाल को छह विकेट से हराया

**दुबई 17 दिसंबर** जैतुल्लाह शाहीन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद उजैरउल्लाह नियाजी (61) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 139 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

**अंडर-19 विश्व कप में 6 विकेट से मिली जीत**



आज यहां नेपाल की अंडर-19 टीम 124 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने 26.5 ओवर में चार विकेट पर 125 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। उस्मान सादात और फैसल शिनोजादा की सलामी जोड़ी ने अभी 28 रन जोड़े थे कि छठे ओवर में अभिषके तिवारी ने फैसल शिनोजादा (13) को आउटकर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया। इसी ओवर में अभिषेक तिवारी ने नजीफ़ुल्लाह अमीरी (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट उस्मान सादात (13) के रूप में गिरा। 24वें ओवर में चंदन राम ने उजैरउल्लाह नियाजी को आउटकर दिया। उजैरउल्लाह नियाजी ने 59 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 61 रनों की मैच विजयी पारी खेली।

# अनंतजीत और दर्शना ने जीता स्वर्ण

**नयी दिल्ली, 17 दिसंबर.** राजस्थान की जोड़ी अनंतजीत सिंह नरुका और दर्शना राठौड़ ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए यहां डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं (शॉटगन) में सीनियर स्कीट मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान की इस जोड़ी ने कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 45-43 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

एशियाई चैंपियन अनंतजीत और दर्शना ने मिलकर प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसमें अनंतजीत ने 21 निशाने लगाए और दर्शना ने 24 का योगदान दिया। उन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपियन मैराज अहमद खान (21) और अरीबा खान (22) की उत्तर प्रदेश की जोड़ी को हराया।

**राजस्थान की जोड़ी का मिश्रित टीम स्कीट में सोने पर लगा निशाना**

इससे पहले दिन में, राजस्थान 143 हिट्स के साथ क्वालिफिकेशन स्टैंडिंग में टॉप पर रहा, जिसमें अनंतजीत ने 73 और दर्शना ने 70 निशाने लगाए, जिससे उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले में सीधे जगह मिली। उत्तर प्रदेश ने क्वालिफिकेशन के दौरान शूटआउट में हरियाणा को हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैराज (74) और अरीबा (68) की जोड़ी 142 के स्कोर पर हरियाणा के साथ बराबरी पर थी, लेकिन शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। हरियाणा की टीम की रायजा ढिल्लों (72) ने 21 हिट्स और ईशान सिंह लिब्रा (70) ने 20 हिट्स के साथ बाद में कांस्य पदक जीता.

### आर श्रीधर टी-20 विश्व कप तक श्रीलंका के फील्डिंग कोच नियुक्त

**कोलंबो 17 दिसंबर** श्रीलंका क्रिकेट ने अगले साल होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप तक के लिए आर श्रीधर को राष्ट्रीय टीम का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया है। बीसीसीआई लेवल 3 क्वालिफाइड कोच श्रीधर ने पहले 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच के रूप में काम किया है। हाल ही में, उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ कंसल्टेंट कोच के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंका के फील्डिंग स्टैंडर्ड को बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे।



**भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षक कोच भी रहे**

# डेम्बेले और बोनमती फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर

**दोहा, (कतर), 17 दिसंबर स्पेन की आइताना बोनमाटी और फ्रांस के उस्मान डेम्बेले को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया।**

मंगलवार रात यहां आयोजित एक विशेष समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया। डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किये जिनमें से 21 गोल लीग-वन में थे और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे।

**डेम्बले की पीएसजी की चैम्पियंस जीत में अहम भूमिका रही थी**

वहीं, बार्सिलोना की मिडफील्डर को क्लब और देश के लिए एक और शानदार साल के बाद द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया और वह लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन गईं। बोनमाटी ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी'ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया।



पुरस्कार के बाद बोनमाटी ने कहा, 'मैं अपना तीसरा फीफा द बेस्ट अवॉर्ड जीतने के लिए बहुत आभारी और गर्व महसूस कर रही हूं। मैं उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए वोट किया, खिलाड़ी, कोच और प्रशंसक। मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जो खिलाड़ी मेरी तरह फुटबॉल खेलते हैं या जिन कोचों के खिलाफ मैं खेलती हूं, उन्होंने मुझे फीफा द बेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना।

**आईसीसी रैंकिंग** ▶ **आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर, तिलक वर्मा चौथे स्थान पर**


# वरुण-तिलक ने टी-20 रैंकिंग में भारत का नाम चमकाया

**दुबई, 17 दिसंबर भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सितारे तिलक वर्मा और वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग में अपनी शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत का नाम रोशन किया है।**

**अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी की रैंकिंग में भी सुधार**

तिलक वर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने 818 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आईसीसी की ओर से जारी ताजा रैंकिंग रिपोर्ट में बताया गया है कि तिलक वर्मा ने भारत के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने आक्रामक खेल का प्रभाव दिखाया। तिलक वर्मा ने पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़ते हुए अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर 774 अंकों के साथ चौथे स्थान पर कब्जा किया। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को हालांकि एक पायदान का नुकसान हुआ और वे 669 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा 909 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कप्तान एडन मारक्रम ने तीसरे मैच में 117 रनों के कुल स्कोर में 61 रन की पारी खेलकर आठ स्थान ऊपर उठकर 29वें स्थान पर जगह बनाई। क्विंटन डी कॉक ने दूसरे टी-20 मैच में 90 रन की मैच जिताने वाली पारी खेलकर 14 पायदान ऊपर चढ़कर 53वें स्थान पर पहुँचकर टीम की रैंकिंग में योगदान दिया।





टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो वरुण चक्रवर्ती ने पिछले हफ्ते खेले गए दो टी-20 मैचों में लगातार प्रदर्शन करते हुए दो-दो विकेट लिए। इससे उनके खाते में 36 रेटिंग अंक जुड़ गए और वह 818 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुँच गए। चक्रवर्ती की यह उपलब्धि भारतीय क्रिकेट में युवा स्पिनरों की ताकत और भविष्य की संभावनाओं को उजागर करती है। भारत के अन्य तेज गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अर्शदीप सिंह, जिन्होंने धर्मशाला में मात्र 13 रन देकर दो विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने, चार स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुँच गए। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन 14 स्थान ऊपर उठकर 25वें स्थान पर और लुंगी एनगिडी 11 स्थान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर पहुंचे। यह संकेत है कि दोनों देशों के गेंदबाजों ने अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन किया और टीम की स्थिति मजबूत करने में योगदान दिया।